**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1258**

**03 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए**

**घरेलू इस्पात विनिर्माता**

1258. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:
श्री राजेश रंजन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक वर्ष-वार विभिन्न देशों से कितनी मात्रा में इस्पात का आयात किया गया है;

(ख) सरकार किस प्रकार घरेलू इस्पात विनिर्माताओं को कम कीमत वाले आयातित इस्पात के प्रभाव से बचाएगी,

(ग) क्या सरकार के पास देश में कच्चे इस्पात की 300 मिलियन टन क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोई ठोस कार्यनीति है; और

(घ) यदि हां, तो देश में घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

(ङ) यदि हॉ, तो क्या सरकार का इस पोर्टल के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाली समितियों की संपत्तियों की नीलामी करने और निवेशकों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

इस्पात मंत्री (श्री एच.डी. कुमारास्वामी)

(क) वर्ष 2018-19 से अप्रैल-अक्टूबर, 2024-25 तक विभिन्न देशों से आयातित तैयार इस्पात की मात्रा का विवरण **अनुलग्नक-1** पर दिया गया है।

(ख) से (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। सरकार देश के सभी राज्यों में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है।

सरकार ने देश में 300 एमटी कच्चे इस्पात की क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने और घरेलू इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:-

जारी....2/-

i. सरकारी अधिप्राप्ति के लिए 'मेड इन इंडिया' स्टील को बढ़ावा देने हेतु घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह और इस्पात उत्पाद (डीएमआई और एसपी) नीति का कार्यान्वयन।

ii. देश के भीतर 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने और पूंजीगत निवेश को आकर्षित करके आयात को कम करने हेतु विशेष इस्पात के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का शुभारंभ करना। विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत अनुमानित अतिरिक्त निवेश 29,500 करोड़ रुपये है, जिससे लगभग 25 मिलियन टन (एमटी) की अतिरिक्त क्षमता का निर्माण।

iii. केंद्रीय बजट 2024-25 में, फेरो -निकेल और मॉलिब्डेनम अयस्कों और संकेंद्रणों पर आधारभूत सीमा शुल्क (बीसीडी) को 2.5% से घटाकर शून्य कर दिया गया है, जो इस्पात उद्योग के लिए कच्चे माल हैं। सीआरजीओ इस्पात के विनिर्माण के लिए फेरस स्क्रैप और विशिष्ट कच्चे माल पर बीसीडी छूट 31.03.2026 तक जारी रखी गई है।

iv. घरेलू इस्पात उद्योग की समस्याओं को हल करने के लिए आयातों की अधिक प्रभावी निगरानी हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) 2.0 का सुधार करना।

v. इस्पात निर्माण के लिए अधिक अनुकूल शर्तों पर कच्चे माल की उपलब्धता को सुगम बनाने हेतु अन्य देशों के अलावा मंत्रालयों और राज्यों के साथ समन्वय करना।

vi. घरेलू स्तर पर उत्पन्न स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ाने के लिए इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति को अधिसूचित करना।

vii. उद्योग, प्रयोक्ताओं और आम जनता के लिए गुणवत्तायुक्त इस्पात की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को लागू किया गया है, जिसके द्वारा घरेलू बाजार के साथ-साथ आयात में निम्न स्तर/दोषपूर्ण इस्पात उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के अनुसार, यह सुनिश्चित किया जाता है कि अंतिम प्रयोक्ताओं को प्रासंगिक बीआईएस मानकों के अनुरूप केवल गुणवत्ता वाले इस्पात ही उपलब्ध कराए जाएं। आज की स्थिति के अनुसार, कार्बन इस्पात, मिश्रधातु इस्पात और स्टेनलेस इस्पात को शामिल करते हुए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत 151 भारतीय मानक अधिसूचित किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक-1

| तैयार इस्पात का आयात | | | | | | ('000 टन) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| देश | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | अप्रैल-अक्टूबर 2024-25* |
| अर्जेंटीना | 26 | 7 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 |
| ऑस्ट्रिया | 13 | 71 | 9 | 10 | 52 | 4 |
| बहरीन | 10 | 14 | 5 | 1 | 3 | 5 |
| बांग्लादेश | 0 | 0 | 0 | 6 | 3 | 1 |
| बेल्जियम | 74 | 56 | 28 | 33 | 17 | 10 |
| ब्राजील | 23 | 5 | 6 | 3 | 1 | 1 |
| कनाडा | 20 | 17 | 10 | 11 | 6 | 2 |
| चीन | 1207 | 843 | 833 | 1407 | 2687 | 1742 |
| चेक गणराज्य | 2 | 0 | 1 | 2 | 4 | 2 |
| डेनमार्क | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 |
| फिनलैंड | 9 | 5 | 5 | 7 | 6 | 3 |
| फ्रांस | 56 | 121 | 58 | 77 | 15 | 57 |
| जर्मनी | 135 | 146 | 151 | 112 | 80 | 66 |
| इंडोनेशिया | 464 | 79 | 241 | 148 | 94 | 56 |
| ईरान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| इटली | 81 | 33 | 34 | 31 | 23 | 24 |
| जापान | 1018 | 560 | 664 | 841 | 1274 | 1268 |
| कजाखस्तान | 3 | 11 | 1 | 6 | 0 | 0 |
| कोरिया | 2687 | 1947 | 2009 | 2228 | 2670 | 1527 |
| कुवैत | 8 | 3 | 3 | 3 | 9 | 4 |
| मलेशिया | 51 | 42 | 8 | 20 | 6 | 3 |
| नेपाल | 6 | 6 | 9 | 59 | 120 | 70 |
| नीदरलैंड्स | 11 | 20 | 13 | 4 | 3 | 1 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 |
| ओमान | 4 | 12 | 5 | 7 | 11 | 10 |
| पोलैंड | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 2 |
| पुर्तगाल | 2 | 1 | 2 | 2 | 0 | 1 |
| रोमानिया | 3 | 1 | 1 | 2 | 17 | 1 |
| रूस | 71 | 63 | 55 | 313 | 53 | 76 |
| सऊदी अरब | 8 | 36 | 14 | 9 | 39 | 4 |
| सिंगापुर | 139 | 43 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| स्लोवेनिया | 11 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| दक्षिण अफ्रीका | 22 | 15 | 8 | 5 | 7 | 9 |
| स्पेन | 32 | 20 | 27 | 21 | 5 | 3 |
| स्वीडन | 23 | 27 | 39 | 48 | 20 | 20 |
| स्विट्ज़रलैंड | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| ताइवान | 165 | 186 | 194 | 163 | 185 | 89 |
| थाईलैंड | 52 | 50 | 25 | 53 | 58 | 60 |
| तुर्की | 5 | 8 | 2 | 3 | 3 | 1 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यू.के. | 17 | 11 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| यू.ए.ई. | 21 | 21 | 24 | 12 | 52 | 17 |
| यूक्रेन | 84 | 31 | 22 | 7 | 1 | 2 |
| यू.एस.ए. | 65 | 54 | 29 | 17 | 20 | 12 |
| वियतनाम | 86 | 133 | 75 | 320 | 737 | 598 |
| अन्य | 39 | 39 | 26 | 6 | 24 | 5 |
| **कुल** | **6768** | **4752** | **4669** | **6022** | **8320** | **5768** |
| स्त्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); *अनंतिम | | | | | | |